प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 29.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

....

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 12 जिलों मे तेज अंधड और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पिछले कई दिनों से पड रही प्रचण्ड गर्मी के बीच इस बदलाव से तापमान में गिरावट और लू का असर कम होने की संभावना है। विभाग के अनुसार नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 1 जून तक मौसम का मिजाज बदला हुआ रह सकता है। इस बीच श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, झुंझुनूं और चूरू तथा आसपास के इलाको में कल बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं कोटा, पिलानी, जैसलमेर, अलवर, फलोदी, बीकानेर में गर्म हवायें चली और हीटवेव का असर बना रहा। मुख्यंत्री भजन लाल शर्मा ने भीषण गर्मी को देखते हुए लोगो से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने परिंदो और पशुओं के लिए भी पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

....

प्रदेश में टीबी मुक्त भारत 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत अब तक करीब 19 लाख से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि 24 मार्च से राज्य के 11 हजार से ज्यादा अधिक जोखिम वाले गांवो में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अब तक पांच हजार आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाये जा चुके है, जिनमें साढे 16 लाख से अधिक एक्सरे और करीब पोने दो लाख से ज्यादा एनएएटी जांच की गई। उन्होंने बताया कि सक्रिय केस गतिविधियों में कुल 32 हजार नये टीबी रोगियों की पहचान की गई है। वहीं इस साल जनवरी से अब तक 38 हजार रोगियों को पोषण किट वितरित किए गए है। साथ ही दो हजार नये निक्षय मित्र जोडे गये है।

....

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत प्रदेशभर में आज भी जल संरक्षण से जुडी विभिन्न गतिविधियां हो रही है। इसी कड़ी में भरतपुर में जल संरक्षण और प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यशाला रखी गई है। वहीं जैसलमेर के रामदेवरा में रामसरोवर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को पारम्परिक जल स्त्रोतो को साफ रखने के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर वृक्ष पूजन कर कलश यात्रा भी निकाली गई। उधर बालोतरा में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। इसके तहत पुराने तालाबो, जोहड और बावडियों की साफ सफाई और मरम्मत की जा रही है।

....

आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और शिवराज सिंह चौहान ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों के कल्याण के लिए समर्पित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी उन्हें याद करते हुए कहा कि किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए चौधरी चरण सिंह हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

....

बालोतरा में कल शाम हुए एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। दुर्घटना पचपदरा क्षेत्र के भांडियावास में हुई जहां एक कार टायर फटने के बाद बेकाबू होकर पलट गई। इससे कार सवार तीन युवको ने मौके पर ही दम तोड दिया। वहीं एक की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उधर कोटा रेल मंडल के दराकीनाल में दिल्ली–मुम्बई रेल्वे ट्रेक पर अंडरपास निर्माण के दौरान मिट्टी धसने से रेल्वे के दो इंजीनियरों की मृत्यु हो गई। उधर उदयपुर में एक प्लास्टिक फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। पाली जिले में देर रात ट्रेलर की टक्कर से आरटीओ विभाग में कार्यरत गार्ड की मृत्यु हो गई। दुर्घटना जार्डन टोल प्लाजा के पास हुई, जहां वे आरटीओ टीम के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे।

....

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस काउन्टडाउन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में अनेक स्थानों पर योगाभ्यास करवाया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को योग से जुडने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कडी में जैसलमेर में भी आयुष विभाग और पतंजली योग समिति की ओर से योगासन कार्यक्रम रखा गया है। इसके जरिये लोगों को योग से होने वाले फायदो की जानकारी दी जा रही है।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी।

....